**राज्यपाल सचिवालय**
**राजभवन, जयपुर**

क्रमांकःप.21(5)राभ/वर्क्स/2016/5417 दिनांकः 18 अक्टूबर, 2022

**सीमित बोली आमंत्रण सूचना**

राजभवन जयपुर में कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत आदि व्यवस्था कार्य हेतु एक वर्ष के लिए दर संविदा किये जाने हेतु अनुभवी संवेदकों/फर्मो से मुहरबंद लिफाफे में निम्नलिखित विवरणानुसार सीमित बोली आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित राशि रू. | बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि एवं समय | बोली खोलने की तिथि एवं समय | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजभवन जयपुर में कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत आदि व्यवस्था कार्य | 1,99,000/- (समस्त कर सहित) | 31.10.2022 01.00 PM | 31.10.2022 03.00 PM | एक वर्ष या अनुमानित लागत रू. 1,99,000/- जो भी पहले हो |

1. बोली आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज विभागीय वेबसाईट www.rajbhawan.rajasthan.gov.in एवं राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी कर सकते हैं।
2. बोली प्रपत्र राजभवन कार्यालय से कार्यालय समय में दिनांक 18.10.2022 से 31.10.2022 तक प्रातः 11.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
3. सीमित बोली दिनांक 31.10.2022 को मध्यान्ह 01.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी तथा उसी दिन दोपहर पश्चात 3.00 बजे राजभवन में उपस्थित बोलीदाताओं/संवेदकों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
4. बोली मोहरबंद लिफाफे में कन्ट्रोलर, राज्यपाल हाऊसहोल्ड, राजभवन के नाम प्रस्तुत की जावेगी।

कन्ट्रोलर
राज्यपाल, हाऊसहोल्ड
राजभवन

क्रमांकःप.21(5)राभ/वर्क्स/2016/ दिनांकः अक्टूबर, 2022

प्रतिलिपिः- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित हैः-

1. वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
2. प्रभारी आई.टी. राजभवन जयपुर को राजभवन पोर्टल www.rajbhawan.rajasthan.gov.in एवं स्टेट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड करने हेतु।
3. नोटिस- बोर्ड कार्यालय हाजा।
4. रक्षित पत्रावली।

कन्ट्रोलर
राज्यपाल, हाऊसहोल्ड
राजभवन

**राज्यपाल सचिवालय**
**राजभवन, जयपुर**

**प्रमुख सचिव,**
**राज्यपाल, राजस्थान**
**राजभवन, जयपुर।**

**विषयः**– राजभवन जयपुर में कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत आदि व्यवस्था कार्य हेतु दर संविदा।

1. बोलीदाता/संवदेक का नाम ............................................................................
2. डाक का पता ............................................................................
............................................................................
3. फोन/मोबाईल नं. ............................................................................
4. ई–मेल ............................................................................
5. बैंक का नाम ............................................................................
IFSC Code ............................................................................
खाता संख्या ............................................................................
6. बोलीदाता/संवेदक द्वारा निम्नालिखित पंजीकरण का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा तथा उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगीः–

| क्र.सं. | पंजीकरण विवरण | रजि.सं. | पंजीकरण वर्ष एवं दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | माल एवं सेवाकर (GST) | | | |
| 2. | आय कर (पैन नम्बर) | | | |
| 3. | Shop Act. के अधीन दुकान का रजिस्ट्रेशन | | | |

7. कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत आदि व्यवस्था कार्य हेतु दरें संलग्न प्रारूप **अनुलग्नक 'क'** में प्रस्तुत करनी होंगी।
8. राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी की गई सीमित निविदा में वर्णित सभी शर्ते स्वीकार की जाती है।
9. बोलीदाता की अपनी अलग से कोई शर्तें मान्य नहीं होंगी।
10. सीमित बोली मोहर बन्द लिफाफे में प्रस्तुत करनी होंगी। जिस पर **"कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत व्यवस्था हेतु सीमित निविदा"** अंकित किया जावेगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
नाम मय सील

**व0 लेखाधिकारी** | **कन्ट्रोलर** | **उप सचिव (द्वितीय)**

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन, जयपुर

## बोली की शर्तें

1. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियिम 2012 व नियम 2013, जिसे आगे ''अधिनियम'' व ''नियम'' कहा गया है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस संबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईड लाईन आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगें। बोलीदाता को ''अधिनियम'' एवं ''नियम'' की पूर्ण जानकारी कर लेनी चाहिए। बोली दस्तावेज तथा उपर्युक्त ''अधिनियम'' एवं ''नियम'' में किसी प्रकार की विसंगति होने पर उक्त ''अधिनियम'' एवं ''नियम'' के प्रावधान ही प्रभावी होंगे।
2. कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत व्यवस्था कार्य की संख्या/मात्रा में कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या/मात्रा की गारन्टी नहीं दी जायेगी एवं प्राप्त संख्या/मात्रा में कमी या उपाप्त नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकार का हकदार नहीं होगा। कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन व मरम्मत व्यवस्था कार्य की संख्या/मात्रा में वृद्धि होने पर अनुबन्धित संवदेक/बोलीदाता द्वारा बोली की शर्तो, निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर उपलब्ध करानी होगी।
3. बोली में सफल बोलीदाताओं/संवेदकों से, दर संविदाओं के अन्तिम मूल्यांकन में उनकी स्थिति के क्रम में अति महत्वपूर्ण प्रकृति/अपेक्षित संख्या में कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत व्यवस्था कार्य उपलब्ध करवाना न्यूनतम बोलीदाता की क्षमता से परे होने पर, समानान्तर दर संविदा की जा सकती है।
4. अनुबंधित बोलीदाता/संवेदक द्वारा दर संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी से दर संविदा कीमत से कम कीमत कोट करता/कम करता है तो उस दर संविदा के अधीन कार्य की कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी।
5. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य ऐजेन्सी के लिये नहीं सौपेगा या भाड़े (Sub-let) पर नहीं देगा।
6. मूल्यांकन की कसौटी–बोली में सफल बोलीदाता/संवेदक की न्यूनतम कीमत के आधार पर बोली का मूल्यांकन किया जावेगा।
7. सफल बोलीदाता/संवेदक द्वारा निर्धारित प्रारूप में अनुबंध पत्र राशि रूपए 500/– (अक्षरे रूपए पॉच सौ मात्र) के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर आदेश दिनांक से 07 दिवस में सम्पादित करना होगा।
8. अनुमोदित की गई दर संविदा की कालावधि आदेश दिनांक से एक वर्ष या अनमानित लागत राशि रूपए 1,99,000/– तक जो भी पहले हो, तक मान्य होगी।
9. आदेशित मरम्मत कार्य दूरभाष पर आदेश/लिखित आदेश से तीन दिवस में पूर्ण करना होगा।
10. मरम्मत कार्य में विलम्ब की दशा में नियमानुसार परिनिर्धारित नुकसान की वसूली की जावेगी।
11. बोलीदाता/संवेदक को अपनी दरे संलग्न अनुलग्नक – 'क' में ही प्रस्तुत करनी होगी।
12. बोली राजभवन जयपुर में कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत व्यवस्था किराये पर प्रदाय करने के कार्य की दरें एफ.ओ.आर. राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर होगी तथा अग्रिम भुगतान की कोई शर्त मान्य नहीं होगी।
13. बोलीदाता लिफाफे पर ''कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत व्यवस्था के कार्य की दरों हेतु'' अवश्य अंकित करेगा।
14. बोली दरों में कांट –छांट नहीं की जावें।
15. बोली दरे बोल पैन से भरी होनी चाहिये, पैसिल से भरी गयी निविदा को रद्द कर दिया जावेगा।
16. बोली फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीदाता द्वारा निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर किये जावे।
17. बोली स्वीकृति एवं अस्वीकृति के सम्बन्ध में सचिव, राज्यपाल, राजस्थान जयपुर का निर्णय अन्तिम होगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
नाम मय सील

व0 लेखाधिकारी | कन्ट्रोलर | उप सचिव (द्वितीय)

अनुलग्नक – 'क'

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन,जयपुर

निविदा दरें

**कूलर, पंखे, एक्जास्ट फैन की मरम्मत व्यवस्था संबंधी सामग्री एवं उपकरण**

| क्र. सं. | आईटम्स/कार्य का विवरण | दरें प्रति नग |
|---|---|---|
| 1. | कूलर ऑयल/ग्रीसिंग/रबड़ कोट बदलने का कार्य प्रति कूलर की दर | |
| 2. | कूलर फैन मोटर रिवाइन्ड़िंग मय बुश शाफ्ट | |
| 3. | कूलर फैन मोटर रिवाइन्ड़िंग | |
| 4. | कूलर फैन मोटर बुश शाफ्ट | |
| 5. | कूलर पैड़ सैट | |
| 6. | पंखे की सर्विस | |
| 7. | पंखे की फैन मोटर रिवाइन्डिंग | |
| 8. | पंखे की फैन मोटर रिवाइन्डिंग (पुराना मॉडल) | |
| 9. | बियरिंग सिलिंग फैन | |
| 10. | मोटर रिवाइन्डिंग टेबिल फैन/वॉल फैन/पैडस्टल फैन | |
| 11. | बुश फोर टेबिल फैन/वॉल फैन/ पैडस्टल फैन | |
| 12. | मोटर रिवाइन्डिंग एग्जॉस्ट फैन | |
| 13. | शाफ्ट फैन मय बुश | |
| 14. | 2.5 एम.एफ.डी. कण्डैनसर | |
| 15. | 4 एम.एफ.डी. कण्डैनसर | |
| 16. | रबड़ गुटका पंखे का/हुक सैट | |
| 17. | नट बोल्ट पंखे के | |
| 18. | वॉसर पंखे का | |
| 19. | कूलर पम्प की पत्ती | |
| 20. | कूलर पम्प रिप्लेसमेंट/रिवाइन्डिंग | |
| 21. | पंखें की पेंट दर | |
| 22. | कूलर पेंट दर | |
| 23. | कूलर लिड वायर | |
| 24. | कूलर ग्रील | |
| 25. | कूलर रेगूलेटर | |
| 26. | कूलर सर्विस | |
| 27. | कूलर पंखडी | |
| 28. | सिलिंग फैन/साफर परमाल | |
| 29. | कूलर लैग सेट | |
| 30. | कूलर स्वीच | |
| 31. | कूलर ग्रील पत्ती | |
| 32. | **GST यदि देय हो प्रतिशत** | |

बिडदाता के हस्ताक्षर मय सील

**व0 लेखाधिकारी** **कन्ट्रोलर** **उप सचिव (द्वितीय)**